
# सीएसए में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

डी टी एन एन

11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ0 आनंद कुमार सिंह द्वारा की गई। कुलपति द्वारा अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा गया कि यौगिक जीवन शैली का प्रमुख अंग शारीरिक स्वास्थ्य है, जिसके लिए सतत प्रयास करने की जरूरत है। संतुलित एवं व्यवस्थित जीवन के लिए शरीर पर समुचित एवं केंद्रित दृष्टिकोण अपनाना पड़ता है, आसन एवं प्राणायाम इसमें सहायक होते हैं। उन्होंने योग को बड़ी पावरफुल प्रक्रिया बताया तथा कहा कि योग के चमत्कारिक परिणाम मिलते हैं।उन्होंने कहा कि योग मूलतः भारत की पद्धति है जिसको वैश्विक स्तर पर अपनाया जा रहा है जिसमें देश के मा.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अमिट योगदान है। उन्होंने बताया कि आजकल योग पर आधारित लोकप्रिय पाठ्यक्रम भी तैयार हो रहे हैं जिनको अपनाकर जीवन की भौतिक एवं आध्यात्मिक उन्नति की जा सकती है। योगाचार्य डॉ0 अनिल आनंदम द्वारा अर्ध चंद्रासन, गोमुख आसन व भुजंग आसन, सूर्य नमस्कार के विषय में विस्तार से बताया।अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देश के ओजस्वी मा. प्रधानमंत्री जी एवं प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी के संबोधन का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। इस मौके पर अधिष्ठाता गृह विज्ञान डॉ सीमा सोनकर द्वारा लिखित 卐योग卐 पुस्तक का विमोचन भी किया गया।कार्यक्रम में के आयोजक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ0 मुनीश कुमार द्वारा अपने स्वागत संबोधन में कहा गया कि योग निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक है इसलिए छात्र छात्राओं को दृढ़ संकल्प के साथ लक्ष्य निर्धारित करते हुए योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम मेंअधिष्ठाता कृषि डॉ0 सी0 एल0 मौर्य, प्रोफेसर डॉ0 पी0के0 सिंह, निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉ0 विजय यादव, निदेशक प्रसार डॉ0 आर0 के0 यादव, प्रभारी सब्जी विभाग डॉ0 केशव आर्या,अधिष्ठाता वानिकी डॉ0 कौशल कुमार, डॉ0 संजीव शर्मा, डॉ0 वी0के0 त्रिपाठी आदि शिक्षकों एवं वैज्ञानिकों द्वारा भी विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम में संकाय सदस्यों, वैज्ञानिकों, शिक्षकों, संभ्रांत नागरिकों के साथ-साथ लगभग 1400 छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया।






Turn
To Next Page

42.2° अधिकतम
30.0° न्यूनतम
www.twitter.com/worldkhabarexpress
www.facebook.com/worldkhabarexpress
www.youtube.com/worldkhabarexpress
WORLD खबर एक्सप्रेस
शनिवार, 21 जून 2025, अंक : 633

# सीएसए में धूमधाम से मनाया गया 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

## 1400 छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा

*वर्ल्ड खबर एक्सप्रेस*






कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में शुक्रवार को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने की।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति डॉ. सिंह ने कहा कि यौगिक जीवनशैली का मूल आधार शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य है। उन्होंने कहा कि संतुलित और व्यवस्थित जीवन के लिए शरीर पर समुचित एवं केंद्रित दृष्टिकोण अपनाना जरूरी है, जिसमें योगासन एवं प्राणायाम अत्यंत सहायक होते हैं। योग को उन्होंने एक पावरफुल प्रक्रिया बताते हुए इसके चमत्कारिक प्रभावों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी कहा कि योग भारत की प्राचीन पद्धति है, जिसे आज वैश्विक स्तर पर अपनाया जा रहा है और इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अहम योगदान है। कुलपति ने यह भी जानकारी दी कि वर्तमान में योग पर आधारित लोकप्रिय पाठ्यक्रम तैयार किए जा रहे हैं, जो भौतिक और आध्यात्मिक दोनों ही स्तरों पर उन्नति में सहायक हैं।

योगाचार्य डॉ. अनिल आनंदम ने अर्ध चंद्रासन, गोमुख आसन, भुजंग आसन और सूर्य नमस्कार जैसे योगासनों के लाभों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल के संदेश का सजीव प्रसारण भी किया गया।

इस अवसर पर अधिष्ठाता गृह विज्ञान डॉ. सीमा सोनकर द्वारा लिखित पुस्तक योग का विमोचन भी हुआ। कार्यक्रम के आयोजक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. मुनीश कुमार ने स्वागत संबोधन में कहा कि योग व्यक्ति को लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में प्रेरित करता है और विद्यार्थियों को इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। इस विशेष अवसर पर अधिष्ठाता कृषि डॉ. सी.एल. मौर्य, प्रोफेसर डॉ. पी.के. सिंह, निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉ. विजय यादव, निदेशक प्रसार डॉ. आर.के. यादव, प्रभारी सब्जी विभाग डॉ. केशव आर्य, अधिष्ठाता वानिकी डॉ. कौशल कुमार, डॉ. संजीव शर्मा और डॉ. वी.के. त्रिपाठी सहित कई शिक्षकों एवं वैज्ञानिकों ने अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के सदस्य, वैज्ञानिक, शिक्षक, संभ्रांत नागरिकों के साथ लगभग 1400 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योग के महत्व को आत्मसात किया।

www.facebook.com\rashtriyasahara https://twi

संडे
कानपुर
22 जून ● 2025

राष्ट्रीय सहारा

पृष्ठ 14, मूल्य ₹ 4.00
राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण
नगर संस्करण

# सीएसए में धूमधाम से मनाया गया 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**कानपुर।** सीएसए कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने कहा कि यौगिक जीवन शैली का प्रमुख अंग शारीरिक स्वास्थ्य है, जिसके लिए सतत प्रयास करने की जरूरत है। संतुलित एवं व्यवस्थित जीवन के लिए शरीर पर समुचित एवं केंद्रित दृष्टिकोण अपनाना पड़ता है, आसन एवं प्राणायाम इसमें सहायक होते है। उन्होंने योग को बड़ी पावरफुल प्रक्रिया बताया तथा कहा कि योग के चमत्कारिक परिणाम मिलते है।उन्होंने कहा कि योग मूलतः भारत की पद्धति है जिसको वैश्विक स्तर पर अपनाया जा रहा है। आजकल योग पर आधारित लोकप्रिय पाठ्यक्रम भी तैयार हो रहे है।जिनको अपनाकर जीवन की भौतिक एवं आध्यात्मिक उन्नति की जा सकती है। योगाचार्य डॉ. अनिल आनंदम द्वारा अर्ध चंद्रासन, गोमुख आसन व भुजंग आसन, सूर्य नमस्कार के विषय में विस्तार से बताया। इस अवसर पर वरिष्ठ योग मेडिटेशन प्रशिक्षक सुष्मिता तिवारी, योगाचार्य राजेश वर्मा,योगाचार्य श्रीमती सुनीता शाक्य एवं योग वालियंटर रतन यादव ने भी योग के लाभ एवं उसके बारे में जानकारी दी।



सीएसए में योगा अभ्यास। फोटो : एसएनबी